व्हीकल-फॉर-हॉयर
(Vehicle For Hire)

बुलेटिन #005
टैक्सी/एक्सेसिबल प्लेट लाइसेंस नवीनीकरण

मई 2023

2023 के लिए टैक्सी प्लेट लाइसेंस (T.P.L.) और एक्सेसिबल टैक्सी प्लेट लाइसेंस (A.T.P.L.) के नवीनीकरण की अवधि 1 जून से 30 जून तक है।

चूंकि हम इस व्यस्त अवधि में दाखिल हो रहे हैं, इसलिए व्हीकल-फॉर-हॉयर (Vehicle For Hire) के कार्यालय में प्रतीक्षा समय सामान्य से अधिक हो सकता है और हम इस मामले में आपके धैर्य और समझ की कद्र करते हैं। हम नवीनीकरण प्रक्रिया को ऑनलाइन करने की व्यवहार्यता के तरीके खोज रहे हैं, लेकिन अभी के लिए, नवीनीकरण को व्हीकल-फॉर-हॉयर कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से पूरा किया जाना चाहिए।

व्हीकल-फॉर-हॉयर कार्यालय (2340 - 22 स्ट्रीट एनई) लाइसेंस नवीनीकरण के लिए सोमवार से शुक्रवार तक सुबह 8:00 बजे से शाम 4:30 बजे के बीच खुला रहता है। प्लेट धारकों को याद दिलाया जाता है कि वे अपना अल्बर्टा प्रांतीय ड्राइवर का लाइसेंस या वैध टैक्सी ड्राइवर का लाइसेंस अपने साथ लाएं। टैक्सी प्लेट लाइसेंस (T.P.L.) के लिए नवीनीकरण शुल्क $495 है।

लाइवरी ट्रांसपोर्ट उपनियम में T.P.L या A.T.P.L. के नवीनीकरण के महत्व के संबंध में प्रावधान हैं।

धारा 35

> (1) यदि कोई *T.P.L.* या *A.T.P.L.* एक्सपायर हो जाता है और एक्सपायर होने के **30 दिनों के भीतर** नवीनीकरण के लिए आवेदन नहीं किया जाता, तो *T.P.L.* या *A.T.P.L.* को छोड़ दिया गया माना जाता है और नवीनीकरण का अधिकार जब्त कर लिया जाता है।

जून में आपसे मिलने का इंतजार है। कृपया किसी भी प्रश्न को VFHlicensing@calgary.ca पर ईमेल करें

इस सूचना का अनुवाद एम्हैरिक, अरबी, फ्रेंच, हिंदी, पंजाबी, सोमाली और उर्दू में किया गया है। दस्तावेजों को देखने के लिए यहां पर क्लिक करें।

भवदीय,

डॉन अन्सवर्थ
लीडर, व्हीकल-फॉर-हॉयर लाइसेंसिंग
ईएमसीएस (EMCS), सार्वजनिक वाहन मानक